# संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी, (आयुष) छत्तीसगढ़

डी. के. एस. परिसर, रायपुर 492001,
फोन नं. (0771) 2221640, फैक्स – 2221641, ईमेल – cgayush@gmail.com

क्रमांक / 1 / स्था. / राज. / महा. / प्रवेश / 2021–22 / 1174 रायपुर, दिनांक 4 APR 2022

**बी.ए.एम.एस. / बी.एच.एम.एस. / बी.यू.एम.एस. / बी.एन.वाय.एस. पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 में राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन सूचना :–**

भारत सरकार, आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक File No. L-14030/12/2022-EP-1 दिनांक 30.03.2022 द्वारा आयुष स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम पात्रता अंक (पर्सेन्टाईल) में निम्नानुसार संशोधन किये जाने के फलस्वरूप राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा NEET (UG) 2021 की प्रावीण्यता सूची के पात्र एवं छत्तीसगढ़ आयुष स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम, 2019 की कंडिका 3 अनुसार प्रवेश हेतु पात्रता रखने वाले छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी एवं गैर स्थानीय निवासी अभ्यर्थी जो राज्य कोटे की आयुष स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक हैं, वे अभ्यर्थी दिनांक 06.04.2022 से 10.04.2022 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते है। जो अभ्यर्थी शैक्षणिक सत्र 2021–22 में राज्य कोटे की सीटों में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं, उन्हें पुनः रजिस्ट्रेशन कराने की आवश्यकता नहीं है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म में त्रुटि सुधार दिनांक 10.04.2022 को मध्य रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकता है।

| Category | | Revised Qualifying Criteria | Marks Range |
|---|---|---|---|
| अनारक्षित /आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) | निल | 45th Percentile | 720-122 |
| | दिव्यांग | 40th Percentile | 121-108 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | निल | 35th Percentile | 121-096 |
| | दिव्यांग | 35th Percentile | 107-096 |
| अनुसूचित जाति | निल | 35th Percentile | 121-096 |
| | दिव्यांग | 35th Percentile | 106-096 |
| अनुसूचित जनजाति | निल | 35th Percentile | 121-096 |
| | दिव्यांग | 35th Percentile | 107-097 |

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के संबंध में आवश्यक जानकारियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार cghealth portal में आयुष विभाग के वेबसाईट एवं आयुर्वेदिक कॉलेज के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है:–

1. www.cghealth.nic.in/ehealth/dishm/councellinginfo.html
2. www.gacraipurcg.in
3. www.gac.bilaspur.gov.in

**मान्यता / संबद्धता प्राप्त आयुष महाविद्यालयों की उपलब्ध सीटों पर ही काउंसिलिंग / प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।**

नोट :– सभी शासकीय एवं निजी आयुष महाविद्यालयों के आयुष स्नातक पाठ्यक्रमों की सभी सीटों का आबंटन संचालनालय आयुष, रायपुर द्वारा गठित समिति द्वारा किया जावेगा। अतः किसी व्यक्ति / संस्था / एजेंसी के प्रलोभन में न फंसे।

संयुक्त संचालक
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़

E:\UG Counselling 2020-21\Registration\2nd Adv\3

मास्क पहनें 2-गज की दूरी अपनाएं साबुन से हाथ धोएं